दिनांक 13.05.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# सुशासन समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे

**भिलाईनगर।** सुशासन तिहार 2025 में नागरिको के समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उनके मांग एवं शिकायत के आधार पर स्थल निरीक्षण कर उसका समाधान संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा तत्काल किया जा रहा है। आज नव निर्मित लोकांगन परिसर वैशाली नगर में शासन के सभी प्रमुख विभाग उद्यान शाखा, शहरी अजीविका मिशन, लोक कर्म विभाग, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जल विभाग, नियमितिकरण, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास, पेंशन विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष, मोर संगवारी के सदस्य, आधार कार्ड, यातायात, वन विभाग, श्रम विभाग आदि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे थे एवं उनके समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा था। यातायात विभाग एवं आधार कार्ड के काउंटर पर ज्यादा भीड़ था, आवेदक अपने ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड इत्यादि का नवीनीकरण करवा रहे थे। 22 वर्षीय मधुसुदन मिस्त्री ने इस बात की खुशी व्यक्त कि हमें अपना ड्राईविंग लाईसेंस सुधरवाने के लिए यातायात विभाग दुर्ग जाकर करवाना पढ़ता, किन्तु हमारा काम सुशासन समाधान शिविर में हो गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा 6 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट एवं 5 गर्भवती महिलाओ को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जा रही पोषण आहार का प्रदर्शनी भी लगाया गया था। जिसके माध्यम से यह बताया गया कि आंगनबाड़ी में बच्चों को किस प्रकार से खाद्य सामग्री बनाकर दिया जाता है। वैशाली नगर विधायक के विशेष पहल पर आज यातायात विभाग द्वारा लगाए गए काउंटर पर 15 नये ड्राईविंग लाईसेंस एवं 2019 के बाद बाद के 6 गाड़ियों के नम्बर प्लेट भी बदले गए। कुल 320 नए आवेदन प्राप्त हुए, 17 आधार कार्ड भी बनाये गये। शिविर के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, उषा शर्मा, लक्ष्मी बाई साहू, प्रदीप सेन आदि उपस्थित रहे।

